University in News on 21 December 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : 56 केंद्रों पर होगी बीएड की परीक्षा

संबद्ध 126 कॉलेजों के लिए 17 नोडल केंद्रों की सूची जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बीएड पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 दिसंबर से प्रस्तावित हैं।

परीक्षा के लिए लखनऊ विवि से संबद्ध पांच जिलों सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली व लखनऊ के कॉलेजों में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही संबद्ध 126 कॉलेजों के लिए 17 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों की सूची परीक्षा विभाग की ओर से विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

राजधानी में बने 29 परीक्षा केंद्र

लखनऊ जिले में संबद्ध 61 कॉलेजों के लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें केकेसी, करामत, खुन खुन जी, महिला, नवयुग, कृष्णा देवी, आईटी, इम गर्ल्स डिग्री कॉलेज समेत कई अन्य कॉलेज शामिल हैं। इन कॉलेजों के लिए नोडल सेंटर लखनऊ विश्वविद्यालय होगा।

कॉमर्स पीएचडी कोर्सवर्क की परीक्षा कल

लखनऊ। लविवि में कॉमर्स विभाग के सत्र 2022-23 के लिए शोधार्थियों की पीएचडी कोर्सवर्क की परीक्षा शुक्रवार को होगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा दोपहर दो से तीन बजे और दूसरी पाली की परीक्षा तीन से शाम चार बजे तक होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. राममिलन ने इस संबंध में पत्र जारी करते हुए सूचना दी। (संवाद)

10 जनवरी तक कॉलेज अपलोड करें प्रैक्टिकल के अंक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा 2023 के तहत आंतरिक, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक 10 जनवरी तक अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए परीक्षा विभाग की ओर से सभी विभागाध्यक्षों व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर दिया गया है। स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल घोषित करने के लिए कॉलेजों व विभागों को पोर्टल पर प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपलोड करने होंगे। साथ ही हार्डकॉपी विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। (संवाद)

NBT PAGE 4

LU : 56 केंद्रों पर होगी बीएड परीक्षा

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू ने सत्र 2023-24 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बीएड पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। विवि से संबद्ध पांच जिलों में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बीएड़ पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 26 दिसंबर से होनी है। इसके लिए परीक्षा विभाग ने बुधवार को प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

प्रैक्टिकल के अंक 10 तक करें अपलोड : एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत आंतरिक, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक 10 जनवरी तक अपलोड करने होंगे। सभी विभागाध्यक्षों व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को विवि की तरफ से पत्र जारी कर अंक अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार यूजी व पीजी स्तर के पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के आतंरिक, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही हार्ड कापी विवि में जमा करनी है।

HINDUSTAN PAGE 7

टैगोर बनाई जाएगी पब्लिक लाइब्रेरी

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में प्रो. केया पांडेय को टैगोर पुस्तकालय का मानद पुस्तकालयाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि आगामी तीन वर्ष या अगले आदेश तक वह इस पद पर बनी रहेंगी।

एलयू में मानवशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. केया पांडेय को समाजशास्त्र विभाग के हेड प्रो. डीआर साहू की जगह टैगोर लाइब्रेरी का लाइब्रेरियन नियुक्त किया गया है। उन्होंने बुधवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। प्रो. केया पांडेय ने बताया कि टैगोर लाइब्रेरी को पब्लिक लाइब्रेरी के तौर पर स्थापित करने पर जोर देंगे। इसके लिए मानक पूर्ण कर अनुमति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसी तरह राधा कमल मुखर्जी आर्ट गैलरी को भी आम जनता के लिए खोलने पर विचार किया जाएगा। प्रो. केया का कहना है कि बुधवार को लाइब्रेरी के पदाधिकारियों संग एक बैठक कर मैंने मौजूदा स्थिति का जायजा लिया है। आने वाले दिनों में विद्यार्थियों के साथ भी बैठक कर उनके सुझाव लिए जाएंगे। प्रो. केया के मुताबिक, छात्रों के सुझावों से ही टैगोर लाइब्रेरी को बेहतर बनाया जाएगा।

प्रो. केया पांडेय को टैगोर लाइब्रेरी का लाइब्रेरियन बनाया गया है।

■ तीन वर्ष के लिए प्रो. केया की नियुक्ति इस पद पर हुई है

एडिशनल डीन रिक्रूटमेंट बने प्रो. डीआर साहू

एलयू में भर्ती और मूल्यांकन प्रकोष्ठ के लिए दो अतिरिक्त डीन नियुक्त किए गए हैं। प्रो. नंद लाल भारती व प्रो. अमृतांशु शुक्ला के स्थान पर समाजशास्त्र विभाग के प्रो. डीआर साहू और मध्यकालीन व आधुनिक भारतीय इतिहास की प्रो. शमा महमूद को अतिरिक्त अधिष्ठाता भर्ती और मूल्यांकन बनाया गया है।

एलयू: बीएड परीक्षा के लिए 56 केंद्र

लखनऊ। एलयू में सत्र 2023-24 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बीएड के लिए परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। एलयू से संबद्ध पांच जिलों में कुल 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एलयू में बीएड पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 26 दिसंबर से प्रस्तावित हैं। इसके लिए परीक्षा विभाग की ओर से बुधवार को प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की लिस्ट जारी की गई है।

2540 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा, छह नकलची पकड़े

लखनऊ। एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा 2023 के तहत बुधवार को कुल 112661 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 52440 छात्र और 60181 छात्राएं रहीं। जबकि 2540 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षाओं के दौरान संबद्ध कॉलेजों में कुल छह नकलची पकड़े गए।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी बने डॉ. अमरेंद्र

लखनऊ। एलयू में भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. अमरेंद्र कुमार को राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें समाजकार्य विभाग के प्रो. रुपेश कुमार के स्थान पर कार्यक्रम अधिकारी बनाया गया है।

एलयू: प्रैक्टिकल के अंक 10 तक अपलोड करें

लखनऊ। एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा 2023 के तहत आंतरिक, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक 10 जनवरी तक अपलोड़ करने होंगे। इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर दिया गया है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक व परास्नातक के पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं की परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किए जाने हैं।

एलयू: पीएचडी कॉमर्स कोर्सवर्क की परीक्षा कल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में वाणिज्य विभाग के सत्र 2022-23 शोधार्थियों की पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा शुक्रवार को होगी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली की परीक्षा दोपहर दो से तीन बजे और दूसरी पाली की परीक्षा तीन से शाम चार बजे तक होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. राममिलन ने इस संबंध में पत्र जारी करते हुए सूचना दी।

JAGRAN CITY PAGE III

बढ़ते तापमान ने छोटे किए लेडी बर्ड कीट के नए पैर

जागरण संवाददाता, लखनऊ: सरसों, उरद, मूंग, गुलदाउदी की फसलों को खाने वाले माहू कीट को खत्म करने वाले लेडी बर्ड बीटल कीट भी अब बढ़ते तापमान की मार झेल रहे हैं। माहू को खाते समय बीटल कीट के पैर टूट जाते हैं और फिर नए निकल आते हैं। बढ़ते तापमान की वजह से अब बीटल कीट के नए पैर 40 प्रतिशत तक छोटे निकल रहे हैं। इस वजह से उनमें माहू कीट को पकड़ने की क्षमता कम हो रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी छात्रा श्रीजा राय की ओर से प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा के निर्देशन और एनबीआरआइ के विज्ञानी डा. प्रवीण वर्मा के साथ किए गए शोध में यह तथ्य सामने आए हैं। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय जर्नल आफ एक्सपेरिमेंटल जूलाजी इकोलाजिकल एंड इंटीगेटिक फिजियोलाजी में प्रकाशित हुआ है।

डीन एकेडमिक्स एवं जंतु विज्ञान विभाग की प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि माहू कीट फसलों को 35 से 40 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचाते हैं। इनमें सबसे ज्यादा सरसों की फसल प्रभावित होती है। माहू को लेडी बर्ड नामक कीट अपने पैरों से पकड़कर खाते हैं। सामान्य रूप से इनके पैर की लंबाई 4 मिलीमीटर होती है। कीट खाते समय इनके पैर टूट जाते हैं, लेकिन पुनः निकल आते हैं। इनके निकलने की इस प्रक्रिया आदि पर शोध के लिए दिसंबर 2020 में शोध के लिए डिपार्टमेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलाजी (डीएसटी) की कोर रिसर्च ग्रांट के तहत 52 लाख रुपये का प्रोजेक्ट मिला था।

- लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग की पीएचडी छात्रा के शोध में सामने आए तथ्य

लेडी बर्ड बीटल

शोध करती पीएचडी छात्रा श्रीजा राय ● सौजन्य से विभाग

900 बीटल पर किया शोध

900 बीटल की किलोमेनिस सेक्समैकुलता प्रजाति पर शोध किया गया। सापटवेयर इमेज के माध्यम से पैर के हर हिस्से का अलग-अलग नाप लिया। इसमें उसका आकार, क्षेत्र सब देखा गया। 15 से 35 डिग्री तापमान तक सबसे छोटे पैर मिले हैं। प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि ये कीट छोटे पैर होने की वजह से माहू को एकड़कर नहीं खा पाते। इससे माहू पर नियंत्रण होना मुश्किल होता है और फसलों को नुकसान पहुंचता है।

56 केंद्रों पर होंगी बीएड की सेमेस्टर परीक्षाएं

लवि ने जारी की प्रस्तावित सूची गुरुवार शाम तक आपत्ति दे सकते हैं विद्यार्थी

जागसं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 26 दिसंबर से शुरू होने वाली बी.एड विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी है। यह परीक्षा लखनऊ, हरदोई, सीतापुर रायबरेली व लखीमपुर खीरी को मिलाकर 56 केंद्रों पर होगी।

इस पर 125 बी.एड कालेजों के छात्र-छात्राओं का परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया है। 17 नोडल केंद्र भी बनाए गए हैं। विद्यार्थी अपना केंद्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बी.एड के प्रस्तावित केंद्रों पर यदि किसी को आपत्ति है तो वह गुरुवार को दर्ज करा सकता है। इसके बाद सूची फाइनल करते हुए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

ये है बीएड तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम : 26 दिसंबर को पेपर-1 में मेजरमेंट एंड इवैल्यूएशन इन इंडिया, 28 दिसंबर को पेपर-2 थ्योरेटिकल फाउंडेशंस आफ करिकुलम व 30 दिसंबर को पेपर-3 में गाइडेंस एंड काउंसिलिंग की परीक्षा होगी। इसका समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा।

बीएजेएमसी की परीक्षाएं शुरू, केंद्र बढ़े

जागसं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बीए. जेएमसी की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। विश्वविद्यालय ने इसके लिए पहले चार केंद्र बनाए थे। फिर इसमें बदलाव करते हुए संख्या पांच कर दी। बुधवार को पहले दिन बीए.जेएमसी पांचवें सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) और एनईपी की परीक्षाएं हुईं। गुरुवार को तीसरे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) और एनईपी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी। लवि की ओर से जारी सूची के अनुसार कालीचरण पीजी कालेज, लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर, माईन कालेज आफ एजुकेशन बिजनौर लखनऊ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय अलीगंज और लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय गोसाईगंज को केंद्र बनाया गया है। पहले की सूची में शामिल रजत थूमेस कालेज आफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट को हटाते हुए उसकी जगह दो अन्य कालेजों को केंद्र बनाया गया है।

स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षा में छह नकलची धरे गए

लवि की स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षा में दोनों पालियों में 1,12,621 परीक्षार्थियों में से 1,10,081 उपस्थित हुए। 2540 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान छह परीक्षार्थी नकल के आरोप में पकड़े गए। इनमें पांच छात्र व एक छात्रा शामिल रही।

नियमित शिक्षक मिलने पर समाप्त होगी प्रोफेसर आफ एमिनेंस की नियुक्ति

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कला, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, विधि एवं ललित कला संकाय के विभागों में नियमित शैक्षिक पदों पर पूर्णकालिक शिक्षक आते ही उसके सापेक्ष रखे गए प्रोफेसर आफ एमिनेंस की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से स्वतः समाप्त मानी जाएगी। सहायक कुलसचिव (नियुक्ति) प्रमोद कुमार मिश्र की ओर से बुधवार को इसका आदेश सभी विभागों को जारी किया गया है।

दरअसल, लवि ने विभिन्न विभागों में सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रोफेसर आफ एमिनेंस के अंतर्गत नियमित एवं रिक्त पदों के सापेक्ष रखा गया है। इन्हें अधिकतम 35 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाता है। वर्तमान में विभिन्न विभागों में नियमित शैक्षिक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इसलिए संबंधित विभागों में नियमित शैक्षिक पदों पर पूर्णकालिक शिक्षक के योगदान प्रस्तुत करने के बाद उस विषय के प्रोफेसर आफ एमिनेंस की नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी।

सर्च कमेटी के लिए एक नाम तय

जासं, लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में नए कुलपति के चयन के लिए सर्च कमेटी का गठन किया जाना है। इसके लिए तीन नामों में से एक नाम बुधवार को हुई कार्य परिषद की बैठक में तय कर दिया गया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा को कमेटी में शामिल किया गया है। अब दूसरा नाम नाम विश्वविद्यालय की सामान्य परिषद और तीसरा नाम राजभवन से फाइनल होगा।

लवि : 10 तक अपलोड करने होंगे अंक

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागों एवं महाविद्यालयों को स्नातक, परास्नातक व अन्य पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर-2023 परीक्षाओं के आंतरिक, मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक 10 जनवरी तक आनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने अनिवार्य होंगे। साथ ही इसकी उपलब्ध करानी होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद हार्ड कापी विश्वविद्यालय को त्रिपाठी ने इसके निर्देश बुधवार को जारी किए हैं।

प्रो. केया बनीं पुस्तकालय अध्यक्ष

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को कई पदों पर बदलाव करते हुए दूसरे शिक्षकों को जिम्मेदारी दी हैं। एंथ्रोपोलाजी विभाग की प्रो. केया पांडेय को टैगोर पुस्तकालय का अवैतनिक पुस्तकालय का अध्यक्ष बनाया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष या अन्य कोई आदेश होने तक मान्य होगा। अभी तक इस पद की जिम्मेदारी प्रो. डीआर साहू के पास थी। प्रो. डीआर साहू, प्रो. शमा महमूद को अतिरिक्त डीन रिक्रूटमेंट एंड असेसमेंट बनाया है। अभी तक इस पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी प्रो. नंद लाल व प्रो. अमृतांशु शुक्ला के पास थी। विश्वविद्यालय में एनएसएस कोआर्डिनेटर पद की जिम्मेदारी अब डा. अमरेंद्र कुमार को दी है।

लवि के पुराने परिसर के लिए दो नए असिस्टेंट प्रोफेसर बनाए गए हैं। इनमें समाज कार्य विभाग की डा. अमिता वर्मा और डा. रमेश कुमार त्रिपाठी शामिल हैं।

लवि में एंथ्रोपोलाजी विभाग की प्रो. केया पांडेय टैगोर पुस्तकालय की अवैतनिक पुस्तकालय अध्यक्ष बनीं ● सौ. स्वयं

i-NEXT PAGE 4

एलयू में छात्राओं को अब मेटरनिटी लीव

एलयू ने कार्यपरिषद की बैठक में लगाई प्रस्ताव पर मुहर, 20 हजार छात्राओं को मिलेगा लाभ

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (20 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने रिसर्च स्कॉलर व ग्रैजुएट व पोस्ट ग्रैजुएट छात्राओं को भी मेटरनिटी लीव देने पर मुहर लगा दी है। इस फैसले के बाद बीएड, एमएड, जैसे कोर्स में पढ़ रही छात्राओं को राहत मिली है. एलयू ने पीएचडी स्कॉलर्स के लिए यूजीसी और बीएड व एमएड के लिए नेशनल काउंसिल ऑफ टीचर एजुकेशन के मेटरनिटी रूल्स को अपनाया है. पीएचडी फीमेल स्कॉलर्स को मेटरनिटी लीव शोधकार्य के दौरान एक बार दी जाएगी. अगर कोई फीमेल रिसर्च स्कॉलर को शादी के कारण किसी दूसरी जगह जाना पड़ता है, तो उसके रिसर्च को दूसरी स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाएगी. इसके लिए स्कॉलर को पेरेंट गाइड या यूनिवर्सिटी को क्रेडिट देना होगा.

यूजी व पीजी की छात्राओं को मिलेगी राहत

एलयू व संबद्ध कॉलेजों में कई ऐसे कोर्स हैं जिनमें छात्राओं की संख्या अधिक है. बीएड, एमएड कोर्स के दौरान कई ऐसी छात्राएं हैं जिनकी पढ़ाई के दौरान ही शादी हो जाती है या कई ऐसी छात्राएं भी होती हैं जिनके छोटे बच्चे होते हैं, ऐसे में इन छात्राओं को इन सब कारणों के चलते पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ती है. इस समस्या के समाधान को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि छात्राओं की पढ़ाई चलती रहे और मातृत्व या बच्चे की देखभाल को लेकर उन्हें पढ़ाई न छोड़नी पड़े. कई कॉलेजों के प्राचार्यों ने इस फैसले का स्वागत किया है. उनका कहना है कि इस फैसले से 20 हजार के करीब छात्राओं को राहत मिलेगी. एलयू ने फैसले के बाद सूचना कॉलेजों को भेज दी थी. इस फैसले को इसी सत्र से लागू किया जा रहा है.

31 तक भेजना होगा फीस का डाटा

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने संबद्ध कॉलेजों को भेजे निर्देश

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (20 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी से संबद्ध सभी 545 कॉलेजों को 31 दिसंबर तक अपनी फीस का डाटा एलयू से अपूव करना होगा. दरअसल, शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए मिलने वाली स्कॉलरशिप से पहले सभी कॉलेजों को अपने फीस का डाटा एलयू से वेरीफाई करवाना होगा. इसके लिए एलयू ने सभी संबद्ध 545 डिग्री कॉलेज को 31 दिसंबर तक हर हाल में अपनी फीस के डाटा विषय वार अपूव करने को कहा है. एलयू प्रशासन की ओर से सभी डिग्री कॉलेज को इसके लिए निर्देश भेजे गए हैं. निर्देश के मुताबिक, स्कॉलरशिप फॉर्म भरने की प्रक्रिया चल रही है. ऐसे में कॉलेज को इस बार नए नियम के अनुसार, फीस अप्रूवल करना अनिवार्य किया गया है. जो भी कॉलेज फीस अप्रूवल नहीं करेंगे उन्हें बाद में फीस को लेकर किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी.

फीस वेरिफिकेशन में आती थी गड़बड़ी

इस मामले को लेकर जानकारी का कहना है कि बीते साल तक कॉलेज स्कॉलरशिप के लिए फीस दूसरी भरवाते थे और कॉलेज में फीस दूसरी लेते थे. ऐसे में कई बार जब एलयू में उनके आवेदन को वेरीफाई किया जाता था तो कई गलतियां सामने आई थी. इस समस्या को दूर करने के लिए इस सत्र से कॉलेज को वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू होने से पहले फीस अप्रूवल करने को कहा गया है. इससे एलयू का पता होगा कि कॉलेज में अपने आप संचालित कोर्स में अधिकतम कितनी फीस ली है.

समाज कल्याण विभाग से मिली जिम्मेदारी

समाज कल्याण विभाग की ओर से मिलने वाली स्कॉलरशिप में इस बार नोडल संस्थाओं को ही फीस वेरीफाई करने की जिम्मेदारी दी गई है. ऐसे में लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सभी 545 डिग्री कॉलेज को इस बाबत निर्देश जारी कर दिए हैं. विवि ने कॉलेजों से कहा है कि जिन कॉलेजों की फीस वेरीफाई नही होगी उन्हें एलयू की ओर से स्कॉलरशिप के लिए अनुमोदन प्रदान नही किया जाएगा.

AMRIT VICHAR PAGE 4

विवि में पोर्टल पर साझा हुए विचार

लखनऊ : लविवि के विधि संकाय सभागार में विकसित भारत 2047 अभियान के परिप्रेक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विचार साझा किये गए।

विवि में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कई संकायों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. जितेंद्र कुमार द्वारा प्रधानमंत्री के आवाहन के अनुरूप पोर्टल पर सभी छात्रों को अपने- अपने विचार साझा करने के लिए कहा गया। इस दौरान सूचनाओं का आदान प्रदान हुआ। कार्यशाला में विधि संकाय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

लविवि की परीक्षाओं में पकड़े गए छह नकलची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लविवि की परीक्षाओं के दौरान लगातार नकलची पकड़े जा रहे हैं। बुधवार को आयोजित परीक्षा में भी कुल छह नकलचियों में एक छात्रा भी शामिल थी। नकल करते हुए पकड़े गए छात्रों को प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

दो पालियों में आयोजित परीक्षा की पहली कड़ी में 36388 छात्र सम्मिलित हुए। इन परीक्षाओं में छात्राओं की संख्या 41746 रही। वहीं दूसरी पाली में छात्र और छात्राओं ने क्रमशः 16052 और 18435 ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों पालियों में कुल 52440 छात्र और 60181 छात्राएं उपस्थित रहे। कुल 112621 छात्रों में पांच छात्र और एक छात्रा नकल सामग्री के साथ पकड़े गए। इनसे ए कॉपी और नकल सामग्री लेकर प्रशासनिक कार्रवाई की गई। लविवि के परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि दोनों पालियों की परीक्षाएं सफलता पूर्वक सम्पन्न हुईं।

कार्रवाई

- नकल सामग्री के साथ एक छात्रा भी पकड़ी गई
- 1,12,621 परीक्षार्थी हुए शामिल

26 से लविवि की बीएड परीक्षा

लखनऊ : लविवि की बीएड परीक्षा का आयोजन 26 दिसंबर से हो रहा है। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा में लखनऊ विवि सहित कुल 126 कॉलेज शामिल किये गए हैं।

बीएड पाठ्यक्रम की परीक्षा के लिए लविवि ने केन्द्रों की सूची भी जारी कर दी है। जिसमें लखनऊ सहित संबद्ध पांच जनपद शामिल हैं। इनमें कुल 56 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण हुआ है। प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड हो गई है। ऐसे में 17 नोडल केन्द्र भी विवि की ओर से स्थापित किये गए हैं। लखनऊ के 61 कॉलेजों में बीएड परीक्षा का आयोजन होगा।